# POLICE COMMISSIONERATE

# PRAYAGRAJ

## सराहनीय कार्य / प्रेस विज्ञप्ति- दिनांक 16.03.2026

### थाना माण्डा पुलिस टीम द्वारा लूट के अभियोग से संबंधित 01 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से घटना में लूटी गयी पीड़ित की दुकान की चाभियां व 01 अवैध देशी पिस्टल मय खाली मैगजीन बरामद

थाना माण्डा पुलिस टीम द्वारा दिनांक-24.02.2026 को थाना माण्डा क्षेत्रान्तर्गत चकडीहा पंचायत भवन के पास घटित लूट की घटना से संबंधित अभियुक्त छैलाबाबु पुत्र सुरेश सरोज निवासी बरेज श्रृगवेरपुर थाना नवाबगंज प्रयागराज को दिनांक 15.03.2026 को मस्तान शाह पहाड़ी के पास थाना क्षेत्र माण्डा से गिरफ्तार किया गया। कब्जे से घटना में लूटी गयी पीड़ित की दुकान की चाभियां व 01 अवैध देशी पिस्टल मय मैगजीन बरामद किया गया। नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**घटना का संक्षिप्त विवरणः-**

दिनांक 24.02.2026 को मुकदमा वादी रंजीत कुमार सोनी पुत्र स्व0 पन्नालाल सोनी नि0 वार्ड नं0-3, नई बाजार भारतगंज, थाना माण्डा जनपद प्रयागराज के द्वारा थाना स्थानीय पर दिये गये प्रार्थना पत्र बावत बाइक पर सवार तीन अज्ञात व्यक्तियों द्वारा वादी के भाई प्रदीप कुमार सोनी को असलहे की बट से सिर पर हमला कर लूट की घटना कारित की गयी। उक्त प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0-41/2026 धारा 309(6)/351(3)

बीएनएस बनाम बाइक पर सवार तीन अज्ञात व्यक्ति के विरूद्ध पंजीकृत किया गया। दिनांक-03.03.2026 को गठित पुलिस टीमों द्वारा मुकदमा उपरोक्त का अनावरण करते हुए लूट की घटना में संलिप्त प्रकाश में आये अभियुक्त अंकित गौतम पुत्र फूलचन्द्र को पीड़ित से लूटी हुई रिवॉल्वर के साथ गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा चुका है।

मुकदमा उपरोक्त में विवेचना से 1. अंशू दुबे पुत्र गिरजाशंकर दुबे नि0 कसारी कोड़हार, अतरमपुर थाना नवागंज प्रयागराज 2.छैला बाबू सरोज पुत्र सुरेश सरोज उपरोक्त का नाम भी प्रकाश में आया था, जिसमे से अभियुक्त अंशू दुबे उपरोक्त द्वारा माननीय न्यायालय के समक्ष आत्म समर्पण कर दिया गया, जो वर्तमान में जिला कारागार में निरुद्ध है। फरार अभियुक्त छैला बाबू सरोज उपरोक्त को दिनांक 15.03.2026 को थाना माण्डा पुलिस टीम द्वारा घटना में लूटी गयी पीड़ित की दुकान की चाभियां व 01 अवैध देशी पिस्टल मय मैगजीन के साथ गिरफ्तार किया गया।

**पूछताछ का विवरणः-**

पूछताछ पर अभियुक्त छैलाबाबु पुत्र सुरेश सरोज उपरोक्त द्वारा बताया गया कि दिनांक 24.02.2026 को चकडीहा पंचायत भवन के पास प्रदीप कुमार सोनी से अपने साथी अंकित गौतम पुत्र फूलचन्द्र निवासी कटरा कोड़हार थाना नवाबगंज प्रयागराज एवं अंशू दुबे पुत्र गिरजाशंकर दुबे नि0 कसारी कोड़हार, अतरमपुर थाना नवागंज प्रयागराज के साथ अपाचे गाड़ी से लूट की थी। रिवाल्वर अंकित के पास थी। चाभीयाँ मैने इसलिए अपने पास रखी थी कि दुकान के शटर के ताला खोलने के काम आएगे। डर की वजह से मैं मिर्जापुर में छिपा था, आज घर जाने के लिये निकला था कि आप लोगों ने पक़ड़ लिया। पूछने पर कि मारपीट क्यों की थी तो बताया कि अंशू ने कहा कि सुनार है, अच्छा माल होगा परन्तु जब हम नजदीक पहुंचे तो वह अपनी रिवाल्वर निकालना चाहा तो मारपीट कर रिवाल्वर छीनना मजबुरी थी। यह चाभियां वहीं है जो मैने अपने साथियों के साथ लूटे थे और इस पिस्टल का भय दिखाकर हम लोगों ने सुनार को लूटा था।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

छैला बाबू सरोज पुत्र सुरेश सरोज नि0 बरैज श्रृंग्वेरपुर थाना नवाबगंज प्रयागराज, उम्र करीब 24 वर्ष।

**बरामदगी का विवरणः-**

1. दुकान व शटर की चाभियां (पीड़ित से लूटी गई)
2. 01 अवैध देशी पिस्टल मय मैगजीन

**संबंधित अभियोग का विवरण-**

मु0अ0सं0 41/2026 धारा 309(6)/351(3)/317(2) बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट थाना माण्डा कमिश्नरेट प्रयागराज।

**आपराधिक इतिहासः-**

1. मु0अ0सं0 170/2025 धारा 3/25 आयुष अधि0 व 317(4) बीएनएस थाना नवाबगंज कमिश्नरेट प्रयागराज।
2. मु0अ0सं0 566/2025 धारा 3/25 आयुष अधि0 व 309(4)/317(2) बीएनएस थाना नवाबगंज कमिश्नरेट प्रयागराज।
3. मु0अ0सं0 184/2024 धारा 3/25 आयुष अधि0 व 310(2)/317(3) बीएनएस थाना सरायइनायत कमिश्नरेट प्रयागराज।
4. मु0अ0सं0 136/2025 धारा 379/411 भादवि व धारा 317(4) बीएनएस थाना बहरिया कमिश्नरेट प्रयागराज।

**गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम-**

1. प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार वर्मा, थाना माण्डा कमिश्नरेट प्रयागराज।
2. उ0नि0 चन्द्रपाल सिंह, थाना माण्डा कमिश्नरेट प्रयागराज।
3. उ0नि0 विक्की कुमार गुप्ता, थाना माण्डा कमिश्नरेट प्रयागराज।
4. उ0नि0 आमिर खान उस्मानी, थाना माण्डा कमिश्नरेट प्रयागराज।
5. का0 अंकित यादव, थाना माण्डा कमिश्नरेट प्रयागराज।

# हत्या के प्रयास के अभियोग से सम्बन्धित 01 अभियुक्त थाना मुट्ठीगंज पुलिस द्वारा गिरफ्तार , कब्जे से घटना में प्रयुक्त 01 अवैध पिस्टल .32 बोर, 01 अवैध जिन्दा कारतूस .32 बोर व 01 स्कूटी बरामद

थाना मुट्ठीगंज पुलिस द्वारा थाना स्थानीय के पंजीकृत मु0अ0सं0 27/2026 धारा 115(2)/352/351(3)/109(1) बी0एन0एस0 से सम्बन्धित 01 अभियुक्त लकी पाण्डेय पुत्र स्व0 शिवाजी पाण्डेय निवासी 744/ए मीरा गली थाना दारागंज जनपद प्रयागराज को मुखबिर की सूचना पर आज दिनांक 16.03.2026 को बारादरी घाट के पास थाना क्षेत्र मुट्ठीगंज से गिरफ्तार किया गया तथा कब्जे से घटना में प्रयुक्त 01 अवैध पिस्टल .32 बोर व 01 अवैध जिन्दा कारतूस .32 बोर व 01 स्कूटी बरामद किया गया। बरामदगी के आधार पर उक्त अभियोग मे धारा 3/25 आर्म्स एक्ट की बढोत्तरी की गयी तथा उक्त स्कूटी को धारा 207 MV एक्ट मे सीज की गयी। नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी।

## घटना का संक्षिप्त विवरण-

वादी मुकदमा सक्षम शर्मा पुत्र ज्ञान बाबू निवासी 304/273 मालवीय नगर थाना मुट्ठीगंज जनपद प्रयागराज द्वारा पुलिस को सूचना दी गयी कि अभियुक्तों द्वारा उनके तथा उनके मित्र के साथ मारपीट की गयी तथा उनके ऊपर फायर कर घायल कर दिया गया। उक्त सूचना पर थाना मुट्ठीगंज पुलिस द्वारा घायलो को उपचार हेतु तत्काल अस्पताल भिजवाया गया तथा प्राप्त तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0 मु0अ0सं0 27/2026 धारा 115(2)/352/351(3)/109(1) बी0एन0एस0 पंजीकृत कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमो का गठन किया गया।

## गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

लकी पाण्डेय पुत्र स्व0 शिवाजी पाण्डेय निवासी 744/ए मीरा गली थाना दारागंज जनपद प्रयागराज उम्र करीब 30 वर्ष।

**सम्बन्धित अभियोग का विवरण-**

मु0अ0सं0 27/2026 धारा 115(2)/352/351(3)/109(1) बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट थाना मुट्ठीगंज कमिश्नरेट ,प्रयागराज

**बरामदगी का विवरण-**

1. 01अवैध पिस्टल .32 बोर व 01 जिन्दा कारतूस .32 बोर।
2. 01 स्कूटी रजि0 नं0 UP 70 EW 4613

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

1. उ0नि0 अरूण कुमार सिंह थाना प्रभारी मुट्ठीगंज कमिश्नरेट प्रयागराज,
2. उ0नि0 श्री राहुल कुमार सिंह थाना मुट्ठीगंज कमिश्नरेट प्रयागराज,
3. उ0नि0 अभिषेक वर्मा थाना मुट्ठीगंज कमिश्नरेट प्रयागराज,
4. उ0नि0 कुन्दन लाल गौतम थाना मुट्ठीगंज कमिश्नरेट प्रयागराज,
5. उ0नि0 निर्मल शर्मा थाना मुट्ठीगंज कमिश्नरेट प्रयागराज,
6. उ0नि0 सूर्यकान्त सिंह थाना मुट्ठीगंज कमिश्नरेट प्रयागराज,
7. का0 नीरज सिंह थाना मुट्ठीगंज कमिश्नरेट प्रयागराज।